तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

राज्य स्तरीय अबेकस प्रतिस्पर्धा में कटघोरा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन 3



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए राजेंद्र का सम्मान

**कोरबा।** सुर संगीत समारोह कार्यक्रम आयोजित कर राजेंद्र साहू अधिवक्ता जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ को सेवा समर्पण सम्मान प्रदान किया गया। कार्यकम के विशिष्ठ अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल थे। सुर संगीत समारोह 2024 में जिला स्तरीय एवं विभिन्न जिलों एवं प्रदेश के कलाकारों ने प्रतियोगता में हिस्सा लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। सुर संगीत कार्यकम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया। राजेंद्र साहू को समाज हित में किए गए कार्यों, जनजागरण से संबंधित प्रकाशित लेखों, मानव हित में 53 बार किए रक्तदान के सेवाभाव के कारण उनका सम्मान किया गया।

### नारी शक्ति महिला मंडल ने किया आयोजन

**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा के आदर्श नगर में नया क्लब में नारी शक्ति महिला मंडल के द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कॉलोनी की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने खीर और खिचड़ी भोग प्रसाद ग्रहण किया। नारी शक्ति महिला मंडल के अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और ज्ञान का भंडार बढ़ता है यदि हम अपने पापों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो हमें शिव महापुराण का पाठ करना चाहिए। इस दौरान उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पाल, सचिव श्रीमती शारदा जायसवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती नेहा अग्रवाल, इंद्रजीत कौर, निक्की कौर, नीलम कुकरेजा, ज्योति शर्मा, निशा कौर, निशा, रेखा शर्मा, मीनू साहू, ममता शर्मा, सरोज साहू, सुभांसी बनाफर, लक्ष्मी साहू, सोनी मिश्रा, नीतू साहू, मीनू साहू, मंजू मेहता एवं कुसुम सिंह उपस्थित रहे।

### विधायक केंद्र की योजनाओं को पहुंचा रहे जन जन तक

**गेवरा दीपका।** प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं पूर्व खाद्य आयोग के अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे ने हर एक गांव में लोगों देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी पर भरोसा जताते हुए लोग जुड़ते जा रहे हैं और सारि योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम रंजना में आयोजित संकल्प यात्रा विकसित भारत कार्यक्रम में एवं ग्राम बिरदा में आयोजित गुरु घासीदास के जयंती पर सम्मिलित हुए। ग्राम पंचायत कुरई में आयोजित रावत नाच प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर एवं दीपका के ज्योति नगर में सोमवार को स्वच्छता अभियान में भी शामिल हुए।

### साधना की पुस्तक छत्तीसगढ़ी व्यंजन का विमोचन



**कोरबा।** बालको सेवा निवृत मैत्री संघ कोरबा एवं एमएलसी के तत्वाधान में प्रदेश के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा श्रीमती श्रीमती साधना शर्मा द्वारा रचित पुस्तक छत्तीसगढ़ी व्यंजन का विमोचन किया गया। सियान सदन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर डॉ अरविंद तिवारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी शोध एवम सृजन पीठ, छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति केंद्र के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन, अजय दास वैष्णव, अजय विश्वकर्मा, प्रफुल्ल तिवारी,जेके तिवारी, श्रीमती सुमन सोनी, चंदन सिंह, श्रीमती रमा मेरी, रविंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में बालको सेवा निवृत मैत्री संघ एवं एमएलसी के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# यूथ हॉस्टल ने शिवधारा में ट्रैकिंग कर की पहाड़ी कोरवा समुदाय की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## यूथ हॉस्टल जिले में लगातार कर रहा ट्रैकिंग

**अलग खबर**

जिले के सतरेंगा मार्ग में स्थित जलेश्वर महादेव ट्रैकिंग स्थल में सोमार को यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के सदस्यों ने नदी के किनारे और पहाड़ में स्थित शेरगुफा तक ट्रैकिंग अभियान चलाते हुए पहाड़ी कोरवा समुदाय के बीच पहुंचकर उन्हें कपड़ों का वितरण किया। जलेश्वर महादेव ट्रैकिंग स्थल का चयन हाल ही में यूथ हॉस्टल के द्वारा नदी और पहाड़ों से गिरने वाले झरने और शेरगुफा तक पहुंचने वाले रोमांचित सफर के लिए पहली बार तय किया गया था।

जिले के जंगलों व पहाड़ों में कई ऐसे स्थल हैं जिन्हें ट्रैकिंग के रुप में पहचाना जाता है। ऐसे स्थलों में एक जलेश्वर महादेव ट्रैकिंग स्थल है। जहां यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया इकाई ने 14 जनवरी को 125 प्रतिभागियों के साथ कोरबा सतरेंगा मार्ग पर शिव धारा में अपना सबसे बड़ा कार्यक्रम ट्रैकिंग और प्रशिक्षण आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप सेठ के नेतृत्व में किया गया। जिसमें पीएल मिरेंद्र, त्रिभुवन, शैलेन्द्र नामदेव और सतीश शुक्ला का सहयोग रहा। इस स्थान का नाम शिव धरा कोरबा यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन द्वारा रखा गया है। शैलेश शुक्ला के नेतृत्व में बिलासपुर और रायपुर इकाई के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नदी में ट्रैकिंग, शेर की गुफा देखना, कैम्पिंग, पेड़ों के बीच झूलना, खेल, प्रश्नोत्तरी, स्वादिष्ट भोजन, प्रमाण पत्र वितरण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संचालन कल्पना, मालती, शिव कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती और हेमन्त सचदेवा मुख्य अभियंता डीएसपीएम और विशिष्ट अतिथि राजेश मिश्रा उपस्थित थे। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मकर संक्रांति के अवसर पर पहाड़ी कोरवा परिवार के लोगों को कपड़े, स्टेशनरी, अनाज, धनराशि और मिठाइयाँ भी वितरित की। आर श्रीधर, कुसुम ताम्रकार, सुमन सेठ, एमआर पति, आर शर्मा, एम मिश्रा, एएस तोमर विकास, गुप्ता, बी राजपूत का योगदान रहा।

**खास बातें**

- जिले में पहाड़ी क्षेत्रों और जंगलों में ट्रेकिंग के कई स्थल हैं मौजूद
- पड़ोसी जिले की भी इकाईयां करती हैं ट्रेकिंग



## रबी फसल के लिए दायीं तट नहर में 2200 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

# रबी फसल के लिए सवा लाख हेक्टेयर खेतों तक इस साल नहीं पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जीवनदायिनी हसदेव बांगो बांध परियोजना से दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों को पानी आपूर्ति की जाती है। इस बांध से चार जिलों के किसानों को पानी दी जाती है ताकि किसान इस पानी से अपने खेतों की सिंचाई कर सकें और धान सहित अन्य फसल की पैदावार कर अपना जीविकोपार्जन कर सके। इस साल बायीं तट नहर में मरम्मत कार्य व अन्य निर्माण काम होने की वजह से नहर में पानी नहीं छोड़ा जाएगा जिसकी वजह से 1 लाख 38 हजार हेक्टेयर खेत में पानी आपूर्ति नहीं हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि रबी फसल के लिए हर साल बांगो बांध में लगे हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाती है और बांध से सीधे दर्री बराज पहुंचता है। जिसके उपरांत दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों तक पानी पहुंचाया जाता है। बताया जाता है की बायीं तट नहर में इस बार कई स्थानों में मरम्मत व अन्य निर्माण काम तेजी से चल रहे हैं। जिसकी वजह से रबी फसल के लिए इस बार बायीं तट नहर में पानी नहीं छोड़ा जाएगा। जिसकी वजह से लगभग कोरबा जिले के कुछ हिस्से, खरसिया रायगढ़ जिले सक्ती सहित आसपास क्षेत्र में आने वाले लगभग 1 लाख 38 हजार हेक्टेयर में पानी नहीं पहुंच पाएगी। बताया जाता है कि बायीं और दायीं तट नहर के माध्यम से लगभग 5 जिलों के 2 लाख 55 हजार हेक्टेयर खेतों को सिंचित किया जाता है लेकिन मेंटेनेंस की वजह से बायीं तट नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जबकि दो दिन पहले ही बांगो बांध में लगे हाइडल प्लांट की रफ्तार लगभग 17 घंटे बढ़ा दी गई है और यहां से आने वाला पानी सीधे दर्री बराज पहुंच रहा है और दाएं तट नहर में पानी भी छोड़ दिया गया है ताकि रबी फसल के लिए किसानों को पानी मिल सके। बताया जाता है कि लगातार दाएं तट नहर में लगभग 2200 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

**खास बात**

- बांयी तट नहर में मरम्मत व अन्य निर्माण कार्य होने की वजह से रोका गया है पानी



बायीं तट नहर जिसका चल रहा है मरम्मत कार्य।

### 72 फ़ीसदी भरा हुआ है बांगो बांध

जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक इस बार बारिश के सीजन में बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई थी जिसके चलते बांगो बांध लबालब हो गया था और हाइडल प्लांट को बेहतर ढंग से संचालित किया गया था। जिसकी वजह से गेट खोलने की नौबत नहीं आई थी। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 354.62 मीटर है जो कुल जलभराव क्षमता का 71 फ़ीसदी पानी है। बताया जाता है कि हाइडल प्लांट को अभी 17 घंटे संचालित कर 2125 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

### अप्रैल में छोड़ा जा सकता है पानी

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों मुताबिक बायीं तट नहर में अभी मेंटेनेंस व अन्य निर्माण का काम बहुत तेजी से चल रहा है। जिसकी वजह से फिलहाल अभी तक नहर में पानी छोड़ना संभव नहीं है। पहले इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए थे विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अप्रैल के महीने में बायीं तट नहर में भी पानी छोड़ा जा सकता है ताकि किसानों को निस्तारी के लिए पानी दिया जा सके। मौजूदा स्थिति में दायीं तट नहर में 2200 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। आने वाले गर्मी के दिनों में इसकी रफ्तार और बढ़ाई जाएगी क्योंकि अप्रैल के महीने से गर्मी प्रचंड होती है और इसी बीच पानी की सबसे अधिक आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ती है और नदी नाले व तालाब सूख जाते हैं इन सूखे तालाबों को भरने के लिए भी बांगो बांध से पानी छोड़ा जाता है और नहर के माध्यम से यह पानी सीधे तालाब, नहर, नदी नालों तक पहुंचाई जाती है।

# रोजगार मूलक कार्यों में मशीनों का उपयोग, ग्रामीणों में आक्रोश



नाली के लिए खुदाई करती जेसीबी।

**खास बातें**

- मामला करतला ब्लाक के ग्राम जिल्गा बरपाली का
- पाइप लाइन बिछाने के लिए जेसीबी से कराई जा रही है खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में जिला प्रशासन की निर्माण एजेंसियों के द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों में जिनमें मजदूरों का समायोजन होना है ऐसे कार्यों में मशीनों का उपयोग किए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश फैला गया है। वहीं बीएसएनएल के केबल भी कट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे कार्यों में विभाग द्वारा अब तक मजदूरों से काम कराया गया है किंतु अब मशीन का उपयोग क्यों किया जा रहा है।

मशीनों के उपयोग से ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को काम नहीं मिलने के कारण बेबस होकर उन्हें काम की तलाश में शहर की ओर पलायन करना पड़ रहा है या फिर अन्य जिलों की ओर जा रहे हैं। निर्माण एजेंसियों ⏭ शेष पेज 3 पर

### रोक लगाने की मांग

ग्रामीण अंचलों में चल रहे रोजगार मूलक कार्यों में मशीनों के उपयोग पर रोक लगाने की मांग जनपद पंचायत कोरबा के सदस्य जगलाल राठिया और सोनपुरी क्षेत्र के पूर्व उप सरपंच गुंजलाल राठिया ने प्रशासन को पत्र लिखकर की है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जो भी काम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा कराया जाता है उनमें ग्रामीण मजदूरों को नियोजित किया जाए।

### मनरेगा में है प्रतिबंध

जल जीवन मिशन का कार्य टेंडर वर्क के अंतर्गत आता है, इसमें मशीन लग सकती है लेकिन मनरेगा से होने वाले किसी भी कार्य में मशीनों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

-अजीत वसंत, कलेक्टर

# बिजली कर्मचारी महासंघ ने पॉवर कंपनी के अध्यक्ष से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के अध्यक्ष बलदाऊ सिंह राजपूत के नेतृत्व में पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद से सौजन्य भेंट किया गया। प्रतिनिधिमण्डल ने पॉवर कंपनी का चेयरमैन बनने पर बधाई व शुभकामना देते हुए चर्चा में बताया कि पॉवर कंपनी में विगत 23 वर्षो में पहली बार हुआ है कि दीपावली के अवसर पर बिजली कर्मियों को बोनस नही मिला है। जिससे कि कर्मचारियों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। महासंघ के द्वारा मांग किया गया कि देशव्यापी श्रीराम महोत्सव के उत्साह को ध्यान में रखते हुए आगामी 22 जनवरी से पूर्व दीपावली बोनस तथा जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते के भुगतान किया जाए। जिस पर अध्यक्ष पी. दयानंद ने महासंघ को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही इस पर निर्णय लेकर आदेश जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त महासंघ ने कर्मचारियों की पूर्व में लंबित मांगों एवम समस्याओं पर ⏭ शेष पेज 3 पर

# दुर्घटना होने पर लोगों की करें मदद और बनें गुड सेनेटिरियन : शुक्ला







सुरक्षा सप्ताह में उपस्थित कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभारंभ

35वें सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ पुराना बस स्टैंड स्थित गीतांजली भवन में सोमवार को कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी जितेंद्र शुक्ला, निगम कमिश्नर प्रतिष्ठा ममगाई व सीएसपी रॉबिनसन गुड़िया के आतिथ्य में हुआ। जहां मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और मंचस्थ अतिथियों द्वारा सड़क सुरक्षा पर जोर दिया गया ताकि हादसों का ग्राफ कम किया जा सके।

35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ मौके पर कलेक्टर अजीत वसंत ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि कोरबा जिला औद्योगिक क्षेत्र है जिसके चलते हैवी व्हीकल का दबाव है। इसलिए जिले में ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम जरूरी है। इसके माध्यम से लोगों को जागरुक कर हादसों से बचाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है इसके लिए वे आम जनता से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं लेकिन वे पहले स्वयं नियमों का पालन करें। जिससे गुड सेनेटिरियन बने, दुर्घटना होने पर लोगों की मदद करें जिससे उनकी जान बचाई जा सकें। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि बाईकर्स बिना हेलमेट के बाहर ना निकले। सिर्फ हेलमेट पहनने की आदत डाले तो समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। ज्यादातर हादसे ड्रंक एण्ड ड्राइव की वजह से होते हैं लोग हेलमेट पहनने लगें तो मौत का ग्राफ कम किया जा ⏭ शेष पेज 3 पर

### 1 महीने तक चलेंगे विविध कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण व सुरक्षा माह पर यातायात पुलिस के एएसआई मनोज राठौर ने प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यातायात सुरक्षा चार प्रकार के होते हैं जिसमें सबसे अधिक सड़क यातायात सबसे अधिक होती है इसलिए लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात पुलिस लगातार सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एक महीने तक लगातार लोगों को विभिन्न पहलुओं के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास करेगी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर यातायात पुलिस हर चौक चौराहों व शहर व स्कूल कॉलेज सहित अन्य स्थान में अलग-अलग तरीकों से लोगों को हेलमेट सहित सड़क में चलने का तौर तरीका सिखाया जाएगा ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

## रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर किसान सभा के नेतृत्व में कर रहे हैं आंदोलन

# जीएम कार्यालय में भूविस्थापितों का कब्जा, पंगत लगाकर किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लंबित रोजगार प्रकरणों को निराकृत करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में खनन प्रभावित ग्रामीणों ने सोमवार को कुसमुंडा जीएम कार्यालय के अंदर कब्जा कर धरना दिया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। भूविस्थापितों का कब्जा आंदोलन शुरू हो गया है। जीएम कार्यालय के अंदर गलियारे में ही भूविस्थापितों ने पंगत में बैठकर भोजन किया। ग्रामीणों और भूविस्थापितों के इस तरह प्रदर्शन से कोयला प्रबंधन और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। आंदोलनकारियों को समझाने का काम चल रहा है लेकिन वे कार्यालय छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा है कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, कार्यवाही चाहिए और प्रत्येक खातेदार को रोजगार मिलने तक ग्रामीण और भूविस्थापित कार्यालय के अंदर ही बैठे रहेंगे।





जीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

उल्लेखनीय है कि कोयला उत्खनन के लिए इस क्षेत्र में स्थाई नौकरी देने और बुनियादी मानवीय सुविधाओं के साथ पुनर्वास देने के वादे के साथ 40-50 वर्ष पहले हजारों एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था लेकिन एसईसीएल ने यह वादा पूरा नहीं किया। तब से लेकर आज तक ग्रामीण रोजगार और पुनर्वास के लिए भटक रहे हैं। कुसमुंडा कार्यालय के सामने 800 दिनों से उनका अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है, खदान बंदी से लेकर चक्का जाम और कार्यालय बंदी तक कई जुझारू आंदोलन हुए हैं, लेकिन हर बार प्रबंधन द्वारा उन्हें आज या कल तक कार्यवाही का आश्वासन ही मिला है। किसान सभा नेता का कहना है कि जमीन किसानों का स्थाई रोजगार का जरिया होता है। सरकार ने जमीन लेकर किसानों की जिंदगी के एक हिस्से को छीन लिया है। इसलिए जमीन के बदले पैसा और ठेका नहीं, छोटे-बड़े सभी खातेदार को स्थाई नौकरी देना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने लंबित रोजगार प्रकरणों को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है और इसके खिलाफ आंदोलन और तेज किया जाएगा। भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ ⏭ शेष पेज 3 पर



पंगत में भोजन करते हुए।

### मायुमं ने किया छत्तीसगढ़ गॉट टैलेंट का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा छत्तीसगढ़ गॉट टैलेंट का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जानकारी प्रदान देते हुए बताया कि जनहित एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा छत्तीसगढ़ गॉट टैलेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपने अंदर की कला को 1 मिनट का वीडियो बनाकर 9827107889 नंबर पर वाट्सअप में भेजना है। चुनिंदा प्रतिभाओं को मंच द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा। प्रथम पुरस्कार 11000 रूपये मनीष गोयल, मनेंद्रगढ़, द्वितीय पुरुस्कार 7100 रूपये वर्षा मेडिकल दर्री जेलगांव एवं तृतीय पुरूस्कार 5100 रूपये नीरज अग्रवाल कोरबा द्वारा दिए जा रहे है।

15 korba- bhoomi pg2_Layout 1 1/15/2024 11:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीएमएचओं ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**प्रतापपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ को समय पर आने की कड़ी हिदायत दी गई तथा अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर कर व्यवस्था सुधारने की बात कही। साथ ही सभी पीएचसी के चिकित्सक और उप स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ, आरएचओ , सुपरवाइजर के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमे सभी ग्राम को 2025 तक टीबी मुक्त कराना है जिसके लिए कार्ययोजना बना कर काम करने हेतु निर्देशित किया गया। आयुष्मान योजना के तहत सभी लोगों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने 16 जनवरी से जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। इसी प्रकार एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत 0 से 40 वर्ष तक के सिकलिंग का भी जांच करना है। जिला टीबी अधिकारी द्वारा और कुष्ठ अधिकारी द्वारा भी कार्यों की समीक्षा की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा टीकाकरण में यू विन पोर्टल में शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने 16 से प्रारम्भ होने वाले आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान में सभी क्षेत्र वासियों से अपना कार्ड बनाए की बात कही।

### प्रीमियम लीग क्रिकेट में तरगवां विजयी

**बैकुंठपुर।** बीते 6 जनवरी से जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम तरगवां में चल रहे तरगवां प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का फाइनल मुकाबला 14 जनवरी को काचरडॉड़ विरूद्ध तरगवां के बीच खेला गया। इसमें तरगवां की टीम ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम कर लिया। जानकारी के अनुसार तरगवां के हाईस्कूल मैदान में बीते 6 जनवरी से चल रहे तरगवां प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 14 जनवरी को खेला गया। फाइनल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष अनिल साहू, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विपिन बिहारी जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, राजाराम साहू, रमाशंकर जायसवाल, मोहेलाल सिंह, रामाधन देवांगन रहे। तरगवां प्रीमियम लीग का फाइनल मुकाबला तरगवां व काचरडॉड़ के मध्य खेला गया। इसमें पहले बैटिंग करने के लिए तरगवां की टीम मैदान में उतरी और निर्धारित 12 ओव्हर में 6 विकेट खोकर कुल 180 रन बनाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काचरडॉड़ की टीम ने 9-3 ओव्हर में 10 विकेट खोकर 65 रन पर ही सिमट गई। इस तरह तरगवां प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबाला तरगवां की टीम अपने नाम कर ली। विजेता टीम को 21 हजार रूपए नगद तथा उप विजेता टीम को 11 हजार रूपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इसके अलावा अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए गए। पूरे प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए विभिन्न प्रोजेक्ट के मॉडल

**सूरजपुर।** नगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रोजेक्ट व मॉडल बनाया। प्राचार्य व नोडल अधिकारी लैफ सिंह पैकरा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट व मॉडल की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विज्ञान मॉडल से संबंधित प्रश्न भी किया जिनका उत्तर छात्र-छात्राओं ने सहजता से दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंहा, लक्ष्य आनंद व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती किरण अरोरा ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना एवं विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के चौथी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### ट्रक ने साप्ताहिक बाजार के समीप ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो घायल

**चांदो।** बॉक्साइट परिवहन कार्य में लगे ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर हवा में उछलकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे बलरामपुर से कुसमी की ओर जा रहे ट्रक के चालक ने चांदो मुख्य मार्ग पर सप्ताहिक बाजार के समीप टैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर उछलकर दूर जा गिरा। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में घायल चालक व अन्य युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर इस घटना के बाद फरार हुए ट्रक को ग्रामीणों ने 15 किमी तक पीछा कर कंठी घाट के समीप पकड़ लिया। ट्रक सामरी निवासी अमरदयाल यादव की बताई जा रही है। ट्रक से बाक्साइड परिवहन का कार्य किया जाता है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बलरामपुर चांदो मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है इसके बाद भी चालक बेखौफ होकर इस मार्ग पर ट्रक दौड़ा रहे है।

## संक्रांति के अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में हुए विविध आयोजन

# मकर संक्रांति पर मंदिरों में रही भीड़, लोगों ने किए दान पुण्य


मकर संक्रांति के अवसर पर मलयाली समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश करने के साथ-साथ समय की चाल बदलने, नई फसल आने की खुशी से लेकर प्रकृति में नए रंगों के समावेश जैसे अनेक संदर्भों का संदेश मकर संक्रांति पर्व में समाहित है। तिल और गुड़ को लेकर मनाए जाने वाले मकर संक्रांति को हम कह सकते हैं कि यह बिखरे हुए समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है।


सर्वमंगला मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

सर्यू के मकर राशि में प्रवेश करने के अवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में लोगों ने पहुंचकर दर्शन व पूजा अर्चना कर वहां दान पूण्य के कार्य किए। इस दौरान मंदिरों में भीड़ नजर आई। शहर के सर्वमंगला मंदिर से लेकर भवानी मंदिर, बालको राम मंदिर आदि बड़े धार्मिक स्थलों में लोगों की भीड़ लग गई थी। मकर संक्रांति का पर्व रविवार को भी शहर के कुछ हिस्सों में मनाया गया था। ज्योतिष गणना के अनुसार रविवार को सुबह 9.45 बजे सूर्य ने मकर राशि में प्रवेश किया था और यह स्थिति सोमवार तक बनी रही। उदिया तिथि में होने के कारण मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को मनाया, इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने अपने क्षेत्र के मंदिरों में पहुंचकर पूजा अनुष्ठान किए और वहां मौजूद गरीब वर्ग को अनाज एवं वस्त्रों का दान कर पुणायत्मक कार्य किए। दक्षिण भारत के पवित्र पर्व पोंगल के अवसर पर मलयाली समाज द्वारा सीतामणी मंदिर स्थल से शोभायात्रा निकाली गई। हाथ में कलश लिए महिलाएं भगवान अयप्पा की झांकी के साथ पुराना बस स्टैंड पावर हाउस होते हुए टीपी नगर नया बस स्टैंड होते हुए वापस एसईसीएल अयप्पा मंदिर पहुंचे। जहां विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। बीते एक माह से एसईसीएल अयप्पा मंदिर में मलयाली समाज के द्वारा भगवान अयप्पा की पूजा का एक माह तक चलने वाला पर्व मनाया जा रहा था। जिसका सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर इसका समापन हुआ। शहर के अलावा बालको उपनगरीय क्षेत्र में भी मकर संक्रांति के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई।

### मकर संक्रांति के अवसर पर आरएसएस ने किया कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक उमेंदराम साहू ने बताया कि आरएसएस वर्ष में 6 उत्सव मनाता है जिनमें से एक मकर संक्रांति भी है। समाज के बीच किये जाने वाले इस तरह के आयोजन की अपनी एक अवधारणा है। शारदा विहार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि बिखरा हुआ समाज तिल की तरह होता है जिसे एकसूत्र में बांधने की कोशिश गुड़ के माध्यम से होती है। कलयुग में सबसे बड़ी शक्ति अगर कोई है तो वह है संगठन। असंभव कार्यों को संभव करने में संगठन की अपनी भूमिका होती है। समाज में समरसता के साथ लोगों की भागीदारी तय करने और राष्ट्र को क्रमोन्नत करने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। मुख्य वक्ता ने मकर संक्रांति के साथ शामिल वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टिकोण को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपरा का डंका विश्व में न केवल बज रहा है बल्कि लोग चुंबक की तरह इससे प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुभाषित गीत, अमृत वचन की प्रस्तुति हुई। समापन से पूर्व सभी को मकर संक्रांति के प्रसाद का वितरण करने के साथ शुभाकामना दी गई। इस अवसर पर उपनगर संघ चालक अमृतलाल बत्रा, शाखा कार्यवाहक दीपक मुखर्जी, शाखा पालक नरेशचंद्र पांडेय, सुखीराम यादव सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### गभेल समाज ने मनाई मकर संक्रांति पर्व



रविवार को मकर संक्रान्ति एवं नववर्ष के उपलक्ष्य में गभेल समाज का मिलन समारोह का आयोजन श्रीमती शशि गभेल के निवास पथर्रीपारा में किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत आरके वर्मा अध्यक्ष द्वारा किया गया। जिसमें समाज के प्रतिष्ठित लोगों को नए साल के उपलक्ष में उपहार के रूप में लिफाफा दिया गया। इस कार्यक्रम में समाज के हजारीलाल गभेल, गेंदालाल, अशोक गभेल, देवेंद्र गभेल, राकेश, पंचराम गभेल, शिव वर्मा एवं शशि गभेल उपस्थित थे।

# उच्च शिक्षा की राह प्रशस्त करने में कमला नेहरु कॉलेज का दशकों से महत्वपूर्ण योगदान : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अभी मेरी उम्र 60 वर्ष है पर जब कमला नेहरु महाविद्यालय खुला था, तब मैं 8 साल का था। हम चारपारा में रहते थे और नदी पर पुल भी नहीं बना था। गर्मी का

**खास बात**

- केएन कॉलेज के वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

मौसम आने पर उस पार के लोगों के लिए कोरबा शहर आने-जाने रपटा बनता था। तब के दौर में ऐतिहासिक रानी महल और जिले के पहले कॉलेज को सिर्फ देखने की ललक में हम लोग नाव से नदी पारकर आते थे। भले ही संख्या कम हो गई, हो पर क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी बच्चों की उच्च शिक्षा की राह प्रशस्त करने में कमला नेहरु कॉलेज दशकों से महत्वपूर्ण योगदान अर्पित कर रहा है। समाज को उच्च शिक्षित युवाओं की भेंट दे रही इस संस्था को बेहतर पायेदान पर ले जाने में उचित योगदान अर्पित कर सकूं, इस दिशा में शत-प्रतिशत प्रयास करुंगा।

उक्त बातें सोमवार को आयोजित कमला नेहरु महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। संगीतमय स्वागत गीत के मध्य कमला नेहरु महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री देवांगन का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का क्रम शुरु हुआ। छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की धुन के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। देशभक्ति और फिल्मी गीतों के अलावा विभिन्न प्रांतों की लोकसंस्कृति की झलक पेश करते हुए लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर कार्यक्रम में मौजूद दर्शक और छात्र-छात्राएं झूमने लगे। महाविद्यालय परिवार के अलावा आस-पास के नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ आरसी पांडेय, सचिव सुरेंद्र लाम्बा, सहसचिव उमेश लाम्बा व प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर, पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्रीमती धनश्री साहू, मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, राधे यादव, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा, नानजीभाई पटेल, लोकेश्वर सिंह तोमर, जसराज जैन, घनश्याम बोंदिया, डॉ जेपी चंद्रा, अरविंद साहू, रमेश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

### सर्वेसर मन्दिर मे सम्मिलित हुए मंत्री



शनिवार को सर्वेसर मंदिर उद्यान मे भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित थे। श्री देवांगन ने भाजपा कार्यक्रताओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये मोदी की गारंटी वाली सरकार है अपने सभी वादे पूरे करेगी और महतारी वंदन योजना भी बहुत जल्द चालू हो जायेगी। आने वाले समय मे लोकसभा चुनाव है हमे इस बार भी मोदी को लाना है देश मे मोदी सरकार और प्रदेश मे डबल इंजन की सरकार को बनाये रखना है।

### कॉलेज के शासकीयकरण की रखी मांग

महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने कहा कि वर्ष 1971 से प्रारंभ होकर कमला नेहरु कॉलेज ने समाज के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने 52 वर्षों का इतिहास समेटे इस ऐतिहासिक प्रांगण में आतिथ्य स्वीकार करने पर श्री देवांगन का आभार जताया। प्राध्यापकों की ओर से उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों से उबरने-संभलने महाविद्यालय को शासकीयकरण किए जाने की मांग कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखी। इस पर श्री देवांगन ने कहा कि कटघोरा विधायक रहते उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह के समक्ष हरदीबाजार कॉलेज का शासकीयकरण कराया था। हमारा सौभाग्य है कि हमें सरल-सौम्य मुख्यमंत्री के रुप में विष्णुदेव साय और जनहित को सर्वोपरि रख कार्य करने वाले उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मिले हैं।

# शिव महापुराण व सत्संग सुनने से होती है भगवान की प्राप्ति : घनश्यामाचार्य


आशीर्वाद प्राप्त करते पूर्व राजस्व मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री शिवमहापुराण कथा के 6वें दिन मज्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज प्रयागराज ने कहा कि भगवान विष्णु अवतार के बारे में तो सभी जानते हैं लेकिन भगवान शिव के अवतारों के बारे में

**खास बात**

- सर्व देव शिव मंदिर साडा कालोनी में आयोजित शिव महापुराण कथा

बहुत कम लोग जानते होंगे और ब्रह्मा के अवतारों के बारे में तो लोग कुछ भी नहीं जानते। गुरु दत्तात्रेय तीनों ही देवताओं के अवतार थे। हालांकि अनसुईया को तीन पुत्र हुए थे जिसमें से एक पुत्र चंद्रमा थे जो कि ब्रह्मा के अवतार थे।

शिव महापुराण में भगवान शिव के अनेक अवतारों का वर्णन मिलता है। कहीं कहीं उनके 24 तो कहीं 19 अवतारों के बारे में उल्लेख मिलता है। वैसे शिव के अंशावतार भी बहुत हुए हैं। हालांकि शिव के कुछ अवतार तंत्रमार्गी है तो कुछ दक्षिणमार्गी। स्वामी जी ने कहा कि शिव के दसावतार-महाकाल तारा भुवनेश षोडष भैरव छिन्नमस्तक गिरिजा धूम्रवान बगलामुख मातंग और कमल नामक अवतार हैं। ये दसों अवतार तंत्रशास्त्र से संबंधित हैं। शिव के अन्य 11 अवतार जिन्हें रुद्र कहते हैं। कपाली पिंगल भीम विरुपाक्ष विलोहित शास्ता अजपाद, आपिर्बुध्य शम्भू, चण्ड तथा भव। उक्त रुद्रावतारों के कुछ शस्त्रों में भिन्न नाम भी मिलते हैं। इन अवतारों के अलावा शिव के दुर्वासा, महेश, वृषभ, पिप्पलाद, वैश्यानाथ, द्विजेश्वर, हंसरूप, अवधूतेश्वर, भिक्षुवर्य, सुरेश्वर, ब्रह्मचारी, सुनटनतर्क, द्विज, अश्वत्थामा, किरात, नतेश्वर और हनुमान आदि अवतारों का उल्लेख भी शिव पुराण में हुआ है जिन्हें अंशावतार माना जाता है। महाराज ने बताया भगवान शिव का छटा अवतार शरभावतार है। शरभावतार में भगवान शंकर का स्वरूप आधा मृग तथा शेष शरभ पक्षी पुराणों में वर्णित आठ पैरों वाला जंतु जो शेर से भी शक्तिशाली था। लिंगपुराण में शिव के शरभावतार की कथा है। हिरण्यकश्यप के वध के पश्चात भी जब भगवान नृसिंह का क्रोध शांत नहीं हुआ तो देवता शिवजी के पास पहुंचे। तब भगवान शिव ने शरभावतार लिया और वे इसी रूप में भगवान नृसिंह के पास पहुंचे तथा उनकी स्तुति की, लेकिन नृसिंह की क्रोधाग्नि शांत नहीं हुई। यह देखकर शरभ रूपी भगवान शिव अपनी पूंछ में नृसिंह को लपेटकर ले उड़े। तब कहीं जाकर भगवान नृसिंह की क्रोधाग्नि शांत हुई। तब उन्होंने शरभावतार से क्षमा याचना कर अति विनम्र भाव से उनकी स्तुति की कथा का आयोजन श्री राम चरित मानस महिला मंडल साडा कालोनी जमनीपाली द्वारा किया जा रहा है।

### पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल हुए शामिल

साड़ा कॉलोनी जमनीपाली के सप्तदेव शिवमंदिर प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण किये। इस अवसर पर उन्होंने कथावाचक स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज से मिलकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति व समृद्धि की कामना की। श्री अग्रवाल ने आयोजन समिति का आभार जताया और कहा कि कोई भी धार्मिक आयोजनों से जहां मातृत्व भाव की भावना जागृत होती है वहीं क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कथाओं में अनेकों अवतारों का वर्णन सुनने समझने को मिलता है। इस मौके पर उनके साथ महापौर राजकिशोर प्रसाद, बीएन सिंह, मुकेश राठौर, जेपी अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अवधेश सिंह, बैजनाथ अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा से निपटने के बताए गए सुरक्षात्मक उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तीसरी वाहिनी (कटक) की टीम द्वारा 1 जनवरी से 13 जनवरी तक शहर के विभिन्न स्कूलों में प्राकृतिक आपदा से निपटने से सुरक्षात्मक उपाय से अवगत कराने के लिए मॉक डील किया गया। एनडीआरएफ के सदस्यों ने छात्रों की जिज्ञासा का निराकरण किया गया।

एनडीआरएफ की उड़िसा कटक टीम के द्वारा 1 जनवरी से जिले के विभिन्न स्कूलों में जाकर राष्ट्रीय आपदा जैसे आगजनी, बाढ़, तूफान, चक्रवात, भूंकप, सर्पदंश आदि की घटनाओं से किस तरह निपटा जाता है और जब राष्ट्रीय आपदा आती है तो उनसे कब कैसे और किस तरह सुरक्षात्मक उपाय के साथ स्वयं और अन्य लोगों को बचाया जाए। इन सब तकनीकी उपायों का माकडील के माध्यम से छात्रों को जानकारी दी गई और उनके द्वारा पूछे गए सवालों को एनडीआरएफ की टीम ने भी निराकरण किया और राष्ट्रीय आपदा के विषय में जनजागरुकता अभियान भी चलाया गया। टीम कमांडर सब इंस्पेक्टर हेमराज पांडेय, हेड कांस्टेबल जी मुरली रेड्डी, आरक्षक राजेश कुमार और जयदीप यादव शामिल थे।


मॉकड्रिल करते एनडीआरएफ के सदस्य।

# कारसेवा में सैंकड़ों लोगों ने दी थी भागीदारी, मगर न्योता मिला एक को


अयोध्या आमंत्रण का न्यौता देते विहिप के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम मंदिर निर्माण के लिए आज से 35 साल पहले चलाई गई कारसेवा में जिले से सैंकड़ों लोगों ने अपनी भागीदारी दी थी। हालांकि अयोध्या पहुंचने वाले कम लोग ही शामिल थे। 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान राम की प्रतिमाओं का

**खास बात**

- विहिप के माध्यम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य को दिया गया अयोध्या जाने का निमंत्रण

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देशभर में लोगों को न्योता भेजा जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा जिले से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पाटले को न्योता मिला है। विहिप एवं आरएसएस के पदाधिकारियों के द्वारा श्री पाटले को निमंत्रण दिया गया। जिला मुख्यालय से 17 किमी दूर पताढ़ी गुरु गद्दीधाम के संस्थापक व अध्यक्ष व सतनामी समाज के राजमहंत रामचंद्र पाटले को प्राप्त हुआ है। श्री पाटले समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने के लिए सभी समाज के लोगों को एक मंच पर लाया तथा समाज एवं ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं व कन्याओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए कार्य किए एवं क्षेत्र में निर्धन कन्या विवाह कराया। इनके द्वारा बाल विवाह की रोक की पहल कोरबा जिला में की गई है। इसके अलावा कोरबा जिले में हो रहे धर्मांतरण के विरोध में पहला जनजागृति अभियान श्री पाटले के द्वारा चलाया गया। अयोध्या से पहुंचे प्राण प्रतिष्ठा देने के लिए राष्ट्रीय स्वयं संघ के धर्म जागरण प्रांत के अधिकारी भोजराम देवांगन, विश्व हिन्दु परिषद के मार्गदर्शक विनय मोहन परासर, जिला कार्य अध्यक्ष राजेंद्र तारक एवं जिला मंत्री विजय कुमार राठौर तथा शैलेष सोमवंशी की उपस्थिति में श्री पाटले को निमंत्रण पत्र सौंपा गया।

### यात्रियों को नहीं मिल रही ट्रेन सुविधा

**कोरबा।** गेवरारोड से यात्री ट्रेनों का परिचालन कोरोना काल के बाद से सबसे अधिक प्रभावित हुई है। स्थिति सामान्य होने के बाद भी गाडि़यां नहीं चलाई जा रही है। कुछ दिनों के लिए गाडि़यां शुरू की गई, इसके बाद नॉन-इंटरलॉकिंग काम का हवाला देकर एक के बाद एक अलग-अलग रूट को गेवरारोड-कोरबा-गेवरारोड के मध्य परिचालन रद्द कर दिया गया है, जिसे अब तक शुरू नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नूतन बने छग मुक्केबाजी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मुक्केबाजी संघ का वर्ष 2024-28 के लिए चुनाव भिलाई में शनिवार को संपन्न हुआ। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल बोईदर और छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के बशीर अहमद खान बतौर पर्यवेक्षक चुनाव में मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 22 प्रतिनिधियों ने मतदान कर नई कार्यकारिणी का चयन किया। जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव नूतनसिंह ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नूतनसिंह ठाकुर के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला बॉक्सिंग संघ कोरबा के संरक्षक गोपाल मोदी, अध्यक्ष शशि सिंह, उपाध्यक्ष सुफलदास पार्षद, रवि सिंह चंदेल पार्षद, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, सुरेंद सिंह, अजित शर्मा, दउवा यादव, ईश्वर दास, कोरबा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, शुभम प्रजापति, दशरथ सहित बॉक्सिंग संघ के सदस्यों में हर्ष है।

### लायंस क्लब बालको ने भोग प्रसाद का किया वितरण



**कोरबा।** लायंस क्लब बालको ने शनि मन्दिर रेल्वे स्टेशन रोड के पास लायंस इंटरनेशन के संस्थापक मेल्विन जोन्स के जन्मदिन पर मेल्वीन जॉन्स के तस्वीर पर माल्यार्पण कर केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रसाद (फूड फॉर हंगर) के तहत लोगों को भोग प्रसाद का वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किये। जिसमें लायंस क्लब के सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

### जायसवाल समाज बाल्को ने स्वच्छता में निभाई भागीदारी



**कोरबा।** श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के तहत प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता अभियान मिशन में बाल्को के जायसवाल समाज के लोगों ने क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट खेतार की साफ सफाई की। समाज के लोगों का कहना है कि प्रभु कण-कण में हैं, हर जगह हैं। जंगल, नदी, पहाड़, गांव, गली, मोहल्ला, नगर सबमें प्रभु श्रीराम के चरण पड़े हैं। जायसवाल समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी लालिमा जायसवाल जिला संयोजक, गौ सेवा गतिविधि ने समाज के लोगों को जागरुक किया।

### नोडल संकुल स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का हशुभारंभ



**हरदीबाजार।** ग्राम बोईदा में नोडल संकुल स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद सदस्य जमुना देवी पटेल व सरपंच हेमलता जगत ने फीता काटकर किया। सर्वप्रथम छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें मुरली स्कूल के छात्र अव्वल रहे। इस अवसर पर उत्तम पटेल, सरपंच राजमति कंवर, मनोज जगत, दुर्गेश मरावी, तुंगन पटेल, प्राचार्य लखन लाल बंजारे, मनोज चौबे, होरी लाल पाटले, कमलेश कश्यप, उदय राजवाड़े, रमेश जांगड़े, गणेश मिरेन्द्र, राजू पोर्ते, ज्योतिष तिवारी, कलीराम मरावी, उषा बर्मन, गौरी गेंदले, परमेश्वर मराठा, संतोष यादव, सत्यप्रकाश खांडेकर, शिशुपाल प्रभाकर, लोचन प्रसाद, मनबोध सूर्यवंशी, हरीश जायसवाल, बुद्धेश्वर सोनवानी, सुशीला घृतलहरे, गंगा भार्गव, ओमप्रकाश खांडे, सवध राम कोराम, सुरेश पटेल, सुमित्रा जगत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### महाविद्यालय हरदीबाजार में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफेसर डॉ. केएन सिंह के द्वारा स्मार्ट मैटेरियल्स पर बहुत ही सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने स्मार्ट मैटेरियल्स की विशेषताओं और उनके दैनिक जीवन में अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मैटेरियल्स के बिना आधुनिक जीवन में स्मार्ट टेक्नोलॉजी की कल्पना करना असम्भव है। सभी छात्र छात्राओं ने प्रो. सिंह से अपने कैरियर, प्रतियोगी परीक्षा और भविष्य में शोध कार्य की जानकारी ली। प्रो. सिंह ने भी छात्र छात्राओं को अपने कैरियर हेतु जागरूकता को देखकर काफ़ी खुश हुए और सभी को अपना स्नेह, आशीर्वाद प्रदान किया।

## कटघोरा मोहलाइनभांठा में हुई वारदात

# कटघोरा क्षेत्र में चोरों का आतंक : एक दिन में दो मकानों को बनाया निशाना, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा क्षेत्र में चोरों का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। लगातार चोरी की घटना से लोग सकते में हैं। एक दिन के भीतर ही कटघोरा के मोहलाइनभाठा में दो मकानों को चोरों ने निशाना बनाया है। जहां एक वनकर्मी के मकान के साथ पत्रकार के घर के ताले को भी चोरों ने तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। चोरी की सूचना पर खोजी डॉग बाघा के साथ पुलिस की टीम पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

**खास बातें**

- खोजी डाग बाघा व क्राइम ब्रांच की टीम जुटी मामले की जांच में

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र के मोहलाईनभांठा में बीती रात चोरों ने अपना जौहर दिखाते हुए दो मकानों को निशाना बनाया है। मोहलाइनभांठा में निवासरत पत्रकार अशोक दुबे व वनकर्मी पुष्पेंद्र राठोर के मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पत्रकार अशोक दुबे अपनी बेटी को इंटर्नशिप कराने के लिए अहमदाबाद छोड़ने 8 जनवरी को सपरिवार गए हुए थे जबकि वन कर्मचारी पुष्पेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ उज्जैन गया हुआ था। इस बीच चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए दोनों मकानों को निशाना बनाया है। सोमवार की सुबह जब पत्रकार अशोक दुबे के घर उनकी नौकरानी कौशल्या छत में लगे फूलों पर पानी डालने पहुंची तो उन्होंने घर का ताला टूटा देखा तो उसके होश उड़ गए और उसने तत्काल इसकी जानकारी अशोक दुबे के भाई राजेश दुबे को दी जिसके बाद पुलिस को जब चोरी की जानकारी मिली तो पुलिस के आला अधिकारी व क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। जब पुलिस को चोरों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिला तो खोजी डॉग बाघा की भी मदद ली गई। जहां डॉग स्क्वाड एक्सपर्ट सुनील गुप्ता बाघा को लेकर मौके पर पहुंचे। बाघा घटनास्थल से गंध पाकर कुछ दूर जाने में तो सफल रहा लेकिन बाद में वह ठिठक गया। बताया जाता है कि चोरों ने फिलहाल दोनों मकानों से कितने की चोरी की है पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। जब पत्रकार अशोक दुबे से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वह अभी रास्ते में हैं आने के बाद ही पूरी तरह से घर को जांच पड़ताल करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे कि चोरों ने उनके घर से कितने की सामानों की चोरी की है। फिलहाल पुलिस के आला अधिकारियों की टीम चोरी के मामले को सुलझाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है लेकिन जिस तरह से कटघोरा क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना सामने आ रही है इससे क्षेत्र में बसने वाले लोग सकते में हैं।



घटनास्थल में जांच पड़ताल करती पुलिस।

**सीसीटीवी भी ले उड़े हैं चोर**

बताया जाता है कि चोरों ने बेहद शातिराना अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि दो चोर एक अन्य मकान में चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुके हैं लेकिन पत्रकार अशोक दुबे के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को उखाड़ कर अपने साथ ले गए हैं। फिलहाल पुलिस की टीम क्षेत्र में लगी विभिन्न सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की टीम अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है। देखना होगा कि क्राइम ब्रांच की टीम इस चोरी के मामले को कब तक सुलझा पाती है।

**पेट्रोलिंग पर उठते हैं सवाल**

कटघोरा का मोहलाइनभांठा एक रिहायशी इलाका है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि पुलिस का क्षेत्र में दबदबा बिल्कुल भी नहीं है। कभी भी पुलिस इस क्षेत्र में पेट्रोलिंग नहीं करती जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। वही थानेदार तेज प्रताप यादव भी क्षेत्र में कम ही नजर आते हैं। जिसके चलते क्षेत्र में लगातार घटनाओं में वृद्धि हो रही है। चोरी की घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि देर शाम को भी पुलिस की पेट्रोलिंग नजर नहीं आती तो रात में फिर कहां से पुलिस की टीम पेट्रोलिंग करेगी।

# पिछड़ी जनजातियों तक पहुंच रही है विकास की रोशनी: गिरिराज



कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री, कलेक्टर व एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरीकला में पीएम जनमन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज गिरिराज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, कटघोरा वनमण्डलाधिकारी निशांत कुमार, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, नोडल अधिकारी/डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर पीएम जनमन सुश्री जेबा जामिल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियो से योजनाओं से मिल रहे लाभ के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश भर के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं से मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुचाने के लिए पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है। जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग तक विकास की रोशनी पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि बीते 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसमुंडा की जयंती के अवसर पर झारखण्ड के खूंटी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम आदिवासी न्याय महाभियान की शुरुआत की थी। पिछले दो माह में योजना से पीवीटीजी बसाहटों में आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क जैसे अनेक मूलभूत सुविधाएं देने का काम सफलता के साथ कर रहे हैं। मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम में जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा कि जन का मतलब जनता जनार्दन है एवं मन का अर्थ उनके मन की बात है। अर्थात जनता के मन की बात को पूरा करने के लिए सरकार ने मन बना लिया है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के शत प्रतिशत लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसका उद्देश्य पीव्हीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच स्थापित करके पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना है।

# ग्राम डूडगा में धूमधाम से निकली अक्षत कलश यात्रा



कलश वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अयोध्या में भगवान राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है।इसी के तहत ग्राम डूडगा में राम भक्तों और गाँव के श्रद्धालुओं द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाला गया। गांव के मंदिर माँ मरखी दाई की पूजा अर्चना करने के बाद यात्रा शुरु की गई। यात्रा में महिला, पुरूष, युवा, बच्चे सभी भक्तजन सम्मलित हुए। राम भक्तों द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड, पीला चावल, पुष्प देकर नेवता दिया गया और सभी को 22 जनवरी के दिन अपने-अपने घरों में 5 दीपक जलाने की अपील की गई। यात्रा के समापन के बाद राम भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा में कीर्ति तिवारी (हनुमान), कमल तिवारी, पुष्पेंद्र यादव, मुकेश यादव, बबलू यादव, आसु तिवारी, निखिल तिवारी, भागवत यादव, लखन यादव, बरातू राम यादव, दिलीप डिकसेना, उदेश्वर यादव, मनी, पंकज समस्त ग्रामवासी और भक्तजन सम्मलित हुए।

# टेनिस बाल प्रतियोगिता में दमखांचा बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम गाड़ापाली में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। ग्राम पंचायत गाड़ापाली में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। फायनल मैच के मुख्य अतिथि अजय कुमार कंवर सरपंच के हाथों फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच ग्राम दमखांचा विरुद्ध जर्वे के मध्य खेला गया। जिसमें जर्वे ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने निर्णय लिया। दमखांचा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 66 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जर्वे के टीम ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 40 रनों पर सिमट गई। दमखांचा ने 25 रन से यह मैच जीत लिया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रुप में 12 हजार नगद एवं शिल्ड से नवाजा गया। उपविजेता को 6001 रु व कप दिया गया। तृतीय पुरस्कार 4001 रुपए व कप दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज सुनील कंवर को 500 रुपए दिया गया। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे थे।



विजेता खिलाड़ी।

# राज्य स्तरीय अबेकस प्रतिस्पर्धा में कटघोरा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

युसीमास एक विश्व स्तरीय संस्था है जो 83 देशों में कार्यरत है। युसीमास प्रोग्राम के तहत 5 से 15 आयु वर्ष के बच्चों की ग्रहण क्षमता, एकाग्रता, लिसनिंग एवं विजुअल लर्निंग स्किल्स को बढ़ाया जाता है। जिससे बच्चे बिना कैल्क्युलेटर एवं बिना पेपर पैन के मन में सुनकर या देखकर अंकगणित के सवालों के जवाब पलक झपकते ही दे देते हैं।

भाटागांव रायपुर स्थित ब्रम्हविद ग्लोबल स्कुल में राज्य स्तरीय अबेकस प्रतिस्पर्धा संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कटघोरा के 26 बच्चों सहित करीब 7 सौ बच्चों ने भाग लिया। छात्रों ने अबेकस की तेज और सरल विधियों का उपयोग करके 8 मिनट में विशेष रूप से तैयार किए गए 2 सौ गणितीय प्रश्नों का हल करने का प्रयास किया। युसीमास अबेकस सेंटर कटघोरा के 26 बच्चे ने भाग लिया और 10 बच्चों ने उम्दा प्रदर्शन कर जीत हासिल की। प्रतियोगिता में अंशुल अग्रवाल, रिद्धि वाटवानी, अविका अग्रवाल,श्रिष्टी अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अभ्यांश गर्ग, काशवी अग्रवाल, आराध्या सोनी, अयांश अग्रवाल एवं मेघा वस्त्र कार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिजली कर्मचारी

चर्चा हेतु समय प्रदान किए जाने का आग्रह किया गया। इस संबंध में उनके द्वारा शीघ्र ही विद्युत कंपनी के मुख्यालय में महासंघ के साथ बैठक बुलाने एवं सभी लंबित समस्याओं पर चर्चा कर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने हेतु सहमति प्रदान की गई। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष बी एस राजपूत, महामंत्री नवरतन बरेठ, संयुक्त महामंत्री नेहरू कश्यप, संगठन मंत्री द्वय हरीश चौहान एवं शिवेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष केमल वर्मा एवं प्रमोद कुर्रे, मंत्री डी के यदु, कोषाध्यक्ष तेजप्रताप सिन्हा एवं पुरन कठुरे उपस्थित रहे।

### रोजगार मूलक...

के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सतत निरीक्षण नहीं किया जाता जिसके परिणामस्वरुप ठेकेदार बेधड़क होकर मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला करतला विकासखंड के ग्राम जिल्गा बरपाली का सामने आया है, जहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें पाइप लाइन घर घर बिछाई जा रही है। पाइप लाइन बिछाने के लिए जमीन की खुदाई की जा रही है। उक्त खुदाई जेसीबी मशीन के माध्यम से गांव के गलियों में कराया जा रहा है जबकि गांव के अंदर होने वाले किसी भी तरह के सरकारी कार्यों में मजदूरों को नियोजित करने का प्रावधान है किंतु उसके बावजूद ठेकेदार द्वारा जेसीबी से काम कराया जा रहा है। जबकि अन्य क्षेत्रों में भी पाइप लाइन बिछाई जा रही है, वहां गांव के मजदूरों को ही नियोजित किया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को भी शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया है कि पिछले एक दो वर्षों में जो भी सरकारी काम हो रहे हैं उसमें मजदूरों के बजाए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए नींव की खुदाई भी ठेकेदार ले आउट तैयार कर मशीन से खुदाई करवाते हैं। जि स की वजह से गांव के मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है।

**ता ला ब खुदाई के काम भी मशीन से :** नींव खुदाई और पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे जाने वाले नाली के लिए जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा से अमृत मिशन योजना अंतर्गत बनाए जाने वाले डबरी का निर्माण के लिए भी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे कई कार्य हैं जिनमें खुदाई का कार्य किया जाता है, वहां जेसीबी लगा दी जा रही है। जिला पंचायत सदस्य सहित जनपद सदस्यों ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले निर्माण एवं रोजगार मूलक कार्यों में मशीनों के उपयोग पर नाराजगी जताई है।

### दुर्घटना होने...

सकता है। सीएसपी रॉबिनसन गुड़यि ने कहा कि यातायात नियम का पालन जरूरी है। सड़क सुरक्षा के लिए गोल्डन ऑवर बहुत जरूरी है, जिसमें किसी के हादसे में घायल होने पर उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाएं। निगम कमिश्नर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरुक करना अच्छी पहल है। टीम भावना से काम करें ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### जीएम कार्यालय में...

के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव, रघु यादव, सुमेन्द्र सिंह कंवर ठकराल आदि ने कहा कि भू विस्थापितों को जमीन के बदले बिना किसी शर्त के रोजगार देना होगा और वे अपने इस अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। समाचार लिखे जाने तक कोयला प्रबंधन के साथ दो दौर की वार्ता विफल हुई और आंदोलनकारी बिलासपुर से उच्चाधिकारियों को बुलाने और लिखित में समझौता करने की मांग पर अड़े हुए थे। किसान सभा की अगुआई में जीएम कार्यालय पर ग्रामीणों का कब्जा बना हुआ है और रात के खाने की तैयारी चल रही है। जीएम कार्यालय में घुसने से पहले आंदोलनकारियों ने दो घंटे तक खदान बंद रखा। इस दौरान मोहन यादव, बृजमोहन, जय कौशिक, दीननाथ, फिरत लाल, उत्तम दास, जितेंद्र, होरीलाल, अनिल बिंझवार, हेमलाल, हरिहर पटेल, कृष्णा, फणींद्र, अनिरुद्ध, चंद्रशेखर, गणेश, सनत आदि इसका नेतृत्व कर रहे थे।

**BHARTI VISHWAVIDYALAYA**
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005 recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of
**VICE-CHANCELLOR**
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

**Professor, Associate Professor, Asst. Professor**
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
**Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.**
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

**कोरबा मार्केट**

**गुप्त रोग**
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**Health Town**
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

